@shahjahanpurpol

प्रेस नोटः- जनपद शाहजहाँपुर दिनांक 03.11.2022

***थाना सदर बाजार पुलिस को मिली बडी कामयाबी,**

थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत स्थित धार्मिक स्थल के अन्दर धर्मग्रन्थ जलाने/क्षतिग्रस्त करने वाले अभियुक्त को अन्दर 24 घण्टे पकडा गया।

दिनांक 02.11.2022 को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत मो0 बाबूजई में स्थित एक धार्मिक स्थल में धर्मग्रन्थ को जलाने/क्षतिग्रस्त करने की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 584/22 धारा 295 भा0दं0वि0 बनाम अज्ञात व्यक्ति पंजीकृत किया गया था। समुदाय विशेष से सम्बन्धित होने के कारण उक्त घटना की संवेदनशीलता के दृष्टिगत उच्चाधिकारीगण द्वारा कई टीमों का गठन करते हुए 24 घण्टे के अन्दर अज्ञात अभियुक्त की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था।

उक्त क्रम में श्री एस. आनन्द, पुलिस अधीक्षक जनपद शाहजहाँपुर के आदेशानुसार श्री संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं श्री अखण्ड प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर/अपराध के कुशल पर्यवेक्षण में थाना सदर बाजार पुलिस टीम को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। उक्त घटना की संवेदशीलता के दृष्टिगत चौकी प्रभारी हद्दफ मय हमराही टीम द्वारा थाना कोतवाली एवं थाना सदर बाजार क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर अधिष्ठापित सी.सी.टी.वी. कैमरों की फुटेज को चेक किया गया तथा फुटेज के आधार पर उक्त घटना कारित करने वाले अज्ञात व्यक्ति की पहचान करते हुए **थाना सदर बाजार क्षेत्रान्तर्गत मो0 बाडूजई प्रथम से** अभियुक्त ताज मोहम्मद उर्फ मुन्ना उर्फ अछिया पुत्र यूसुफ, निवासी मो0 बाडूजई प्रथम, जनपद शाहजहाँपुर उम्र लगभग 26 वर्ष को पकडा गया है। पकडे गये अभियुक्त से पूछताछ कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पकडे गये अभियुक्त का विवरणः-

ताज मोहम्मद उर्फ मुन्ना उर्फ अछिया पुत्र यूसुफ, निवासी मो0 बाडूजई प्रथम, जनपद शाहजहाँपुर उम्र लगभग 26 वर्ष

पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 श्री अमित सिंह चौहान थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर।
2. उ0नि0 श्री मनोज कुमार, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर।
3. हे0कां0 51 सरोज शंकर, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर।
4. कां0 2032 सन्नी कुमार, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर।
5. कां0 38 राहुल कुमार, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर।
6. कां0 2031 श्रवण कुमार, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर।
7. कां0 2146 फिरोज हसन, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर।
8. कां0 2061 गौरव धीमान, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर।